@Fair Report @Fair_report @fairreportnews @Fair report

# FAIR REPORT

THE DAWN OF A FEARLESS PEN

Jaipur, Wednesday, 17 June 2026

PRGI No. - RNI- RJBIL/25/A1808| Vol 1 | Issue No.- 271 Pages 04 | ₹3.00

# MODI-TRUMP RESET: A HANDSHAKE THAT ECHOED FAR BEYOND THE G7

FAIR REPORT

**CANNES, FRANCE:** In diplomacy, symbolism often speaks louder than communiqués. The meeting between Prime Minister Narendra Modi and US President Donald Trump on the sidelines of the G7 Summit was one such moment. After 16 months without a face-to-face interaction, the two leaders met at a time when the global order is undergoing rapid realignment. The optics were cordial, but the strategic implications ran much deeper.

The India-US relationship today is no longer defined by personalities alone. It is anchored in trade, technology, defence cooperation, critical supply chains, and a shared interest in maintaining balance in the Indo-Pacific. Yet challenges remain. Tariff disputes persist, geopolitical priorities do not always converge, and both nations continue to pursue their own strategic autonomy.


For Washington, India remains a pivotal partner in Asia at a time of intensifying competition with China. For New Delhi, the United States is a crucial economic and technological partner, even as India maintains engagement with multiple power centres, including Europe, Russia and the Global South.


**That is why this meeting mattered.**

Every major capital was watching. Beijing assessed the strategic messaging. Moscow observed the diplomatic chemistry. America's allies evaluated the implications for regional security calculations.

The significance of the encounter was not merely in the handshake itself, but in the signal it sent: despite periodic disagreements, the world's largest democracy and its most powerful economy continue to view each other as indispensable partners.

In geopolitics, photographs capture moments. Relationships shape decades. This meeting was about both.








The interactions with world leaders continue at the G7 Summit in Evian.

## CHILDHOOD FRIENDS. ₹1 CRORE LOAN. ONE BODY IN A CAR.

### Jaipur CA kills friend, posts fake WhatsApp 'missing' status — arrested while disposing the evidence

FAIR REPORT

**JAIPUR:** They grew up together. They trusted each other. And then — over 1 crore — one of them decided the friendship was worth less than the debt.

A Chartered Accountant, Sitaram Khoj, has been arrested in Jaipur for the alleged murder of his childhood friend Harishankar — a property dealer — over a loan dispute of nearly 1 crore.

But what makes this case chilling is not just the crime. It is the cold, calculated cover-up that followed. After allegedly killing Harishankar, the accused reportedly posted a fake "missing" WhatsApp status — a digital smokescreen designed to mislead investigators and buy time.

Police were not fooled. Sitaram was arrested while allegedly attempting to dispose of the body — which was recovered from inside a car.

A man trained to audit numbers. A man trusted with financial secrets. A man who calculated that friendship had an expiry date — and 1 crore was the number.

The balance sheet of greed never ends in profit.

It ends exactly like this — in handcuffs, beside a car, with nowhere left to run.

## HOW PAKISTAN TURNED A 20-YEAR-OLD INTO A SPY

FAIR REPORT

**ALWAR:** RAJASTHAN: He was 20 years old. He lived in Jodhpur. And during India's most sensitive military operation in decades — he was allegedly feeding intelligence to Pakistan. Security agencies have apprehended Kundan Bishnoi from Itarana Military Cantonment area in Alwar — arrested on charges of active espionage for Pakistani handlers. The method was chillingly simple. Befriend girl students living in army cantonment areas.

## GOVERNANCE AT THE DOORSTEP: GRAMEEN SEWA SHIVIR IN BASSI TURNS WELFARE INTO ACTION

FAIR REPORT
HEMRAJ TIKAMCHAND

**JAIPUR:** Good governance is often measured not by announcements from capital cities but by the delivery of services in the remotest villages. The Grameen Sewa Shivir held in Bassi on Tuesday reflected precisely that principle, bringing government machinery directly to the people it is meant to serve.



The camp witnessed active participation from villagers, local representatives and government officials, with a focus on resolving public grievances, facilitating access to welfare schemes and ensuring last-mile delivery of essential services. From documentation and social security benefits to public service applications, citizens were able to access multiple government services under one roof.

What set the camp apart was its emphasis on accountability. Instead of forcing rural residents to navigate bureaucratic corridors, the administration took governance to their doorstep. Such initiatives reduce delays, improve transparency and strengthen public trust in institutions.

As Rajasthan continues to push for citizen-centric administration, camps like these are emerging as powerful instruments of grassroots governance. They bridge the gap between policy and implementation, ensuring that benefits reach intended beneficiaries without unnecessary hurdles.

## LIKES, LIES & EXTORTION: MUMBAI'S 'TURBANMIRCHI' SERVED COLD

### Influencer with 4 lakh followers arrested for planting fake food scare, demanding ₹2.5 lakh hush money

FAIR REPORT

**Mumbai:** Mumbai's booming influencer economy received a reality check this week after food-travel content creator Randeep Gujral, known online as "TurbanMirchi", was arrested on allegations of extortion involving a local dairy business.



According to police, Gujral allegedly posted a video claiming that worms were found in paneer sold by the shop. Investigators later alleged that the contamination scare had been staged. The complaint further states that he demanded money to remove the video and replace it with favourable content. Police say he was apprehended while accepting the payment.

The case raises questions that extend beyond one influencer or one dairy shop. Social media creators today wield enormous power over public perception. A single viral post can damage a business's reputation overnight, often before facts are verified. While many influencers perform a valuable public service by exposing genuine consumer concerns, the absence of clear oversight creates opportunities for misuse.

For small businesses, reputation is often their most valuable asset. When allegations—whether true or false—spread rapidly online, the consequences can be immediate and severe. Equally, consumers rely on independent reviews believing them to be authentic assessments rather than bargaining tools.

The arrest highlights the need for stronger ethical standards within the creator ecosystem. Transparency in paid promotions, accountability for misleading content, and legal consequences for coercive practices are essential if public trust is to be preserved. Ultimately, the issue is not merely about one alleged act of extortion. It is about protecting the credibility of digital influence itself. In an economy built on trust, authenticity remains the only currency that cannot be manufactured.



**इंडिया स्टोनमार्ट 2028:** रीको, सिडोस और लघु उद्योग भारती के मध्य त्रिपक्षीय एमओयू, अधिक से अधिक देशों की भागीदारी... रिकॉर्ड विदेशी खरीददारी पर जोर

# राजस्थान को औद्योगिक हब बनाना सरकार का लक्ष्य, ताकि अधिकाधिक रोजगार मिले: राठौड़

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

इंडिया स्टोनमार्ट 2028 के आयोजन के लिए राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं विनियोजन निगम (रीको), सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ स्टोन्स (सिडोस) और लघु उद्योग भारती के मध्य त्रि-पक्षीय एमओयू हस्ताक्षर किया गया। कॉन्स्टिट्यूशन क्लब जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि राजस्थान को औद्योगिक हब बनाया जाए, ताकि अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकें।



राठौड़ ने कहा कि इंडिया स्टोन मार्ट 2026 सर्वश्रेष्ठ आयोजनों में से एक है। वर्ष 2028 के आयोजन को इससे भी भव्य रूप में आयोजित किया जाए और अभी से इसकी तैयारी शुरू की जाए। साथ ही, पिछले संस्करण में आर्किटेक्ट्स को आयोजन से जोड़ा गया था, अगले आयोजन में देश के साथ ही विदेश के आर्किटेक्ट्स को राजस्थान के पत्थर के बारे में जानकारी दी जाए।

कर्नल राठौड़ ने कहा कि वर्ष 2028 में होने वाले आयोजन में अधिक से अधिक देशों की भागीदारी, रिकॉर्ड विदेशी खरीददारी, वैश्विक निवेशकों की सहभागिता, आधुनीकीकरण और स्टार्टअप्स पर जोर होना चाहिए। चीन, लंदन और इटली सहित अन्य देशों में होने वाली स्टोन प्रदर्शनियों की खूबियों का भी अध्ययन किया जाना चाहिए। पत्थर उद्योग से जुड़े मशीन, डिजाइन आदि क्षेत्रों से जुड़ने के लिए युवाओं को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

### अब राजस्थान में भी बनेंगी सेमीकंडक्टर चिप्स: विश्नोई

उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री के. के. विश्नोई ने कहा कि राजस्थान में सेमीकंडक्टर उद्योग को बढ़ावा देने के लिए नई नीति लागू की गई है। राजस्थान में भी शीघ्र ही सेमीकंडक्टर चिप्स का उत्पादन शुरू होगा। राज्य सरकार द्वारा हर वो छोटे से छोटा कदम उठाया जा रहा है, जिससे निवेश की प्रक्रिया आसान हो और अधिक से अधिक उद्योग लगें। इसी क्रम में करीब 34 नई नीतियां लागू की गई हैं। इस मौके पर उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल, रीको एमडी सुरेश ओला, लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रकाश चंद्र, संयुक्त राष्ट्रीय महासचिव नरेश पारीक, इंडिया स्टोन मार्ट के संयोजक नटवर अजमेरा और सिडोस के उपाध्यक्ष दीपक अजमेरा सहित बड़ी संख्या में उद्योगपति मौजूद रहे।

### 14वां इंडिया स्टोनमार्ट 17-20 फरवरी को

स्टोन मार्ट के अगले संस्करण का आयोजन 17-20 फरवरी 2028 को होगा। इसमें अधिक से अधिक देशों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही, 11 देशों में रोड शो होंगे। इंडिया स्टोनमार्ट 2026 में 45 हजार वर्गमीटर प्रदर्शनी क्षेत्र विकसित किया गया, जिसमें 450 प्रदर्शकों ने भाग लिया। इनमें 59 विदेशी कंपनियां शामिल थीं और तुर्किये, चीन व ईरान सहित 3 अंतरराष्ट्रीय कंट्री पवेलियन स्थापित किए गए। 8 देशों तथा भारत के 15 राज्यों से सहभागिता प्राप्त हुई।

**नीट पेपर लीक मामला :** SIR के बाद अब छात्रों के मुद्दे पर बड़ा आंदोलन खड़े करने की तैयारी

# राहुल गांधी आज कोटा में युवाओं से करेंगे संवाद, गरमाई सियासत

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी बुधवार को कोचिंग सिटी कोटा पहुंचेंगे। वे यहां नीट पेपर लीक केस पर कोचिंग स्टूडेंट्स समेत अन्य युवाओं से संवाद करेंगे। राहुल गांधी एसआईआर के बाद अब छात्रों के मुद्दे पर बड़ा आंदोलन खड़े करने की कोशिश में जुट गए हैं। उनकी योजना यूपी, बिहार और राजस्थान जैसे राज्यों में बड़ी सभाएं कर पेपर लीक, बेरोजगारी, एडमिशन जैसी समस्याओं पर छात्रों के बीच जाने की है। इसकी शुरुआत राहुल गांधी बुधवार (17 जून) को देश में कोचिंग के सबसे बड़े हब कोटा से कर रहे हैं।

कांग्रेस ने इस अभियान को 'छात्रों की गूंज' नाम दिया है। राहुल गांधी शाम 5:00 बजे से रात 9:30 बजे तक (करीब साढ़े चार घंटे) पूरी तरह से छात्रों के बीच मौजूद रहेंगे। वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों से बात करेंगे।

इस दौरे से पहले राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर छात्रों का हौसला बढ़ाते हुए केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। राहुल गांधी ने कहा, 'आज देश में युवाओं को मेहनत का फल नहीं, बल्कि सपना देखने की सजा मिल रही है। हर पेपर लीक, रद्द हुई परीक्षा और रुकी हुई भर्ती सिर्फ सिस्टम की नाकामी नहीं है, बल्कि देश के करोड़ों युवाओं के सपनों पर सीधा हमला है। जब सरकार सुनने से इनकार कर दे, तो आवाज को और बुलंद करना पड़ता है। 17 जून को कोटा से उठने वाली यह आवाज पूरे देश में गूंजेगी।'

**दौरे से पहले भाजपा-कांग्रेस में पोस्टर वार शुरू**



राहुल गांधी के कोटा दौरे से पहले भाजपा-कांग्रेस में पोस्टर वार शुरू हो गया। कांग्रेस की ओर से शहर के प्रमुख चौराहों और मुख्य मार्गों पर राहुल गांधी के पोस्टर लगाए जा रहे हैं। कांग्रेस ने भाजपा पर शहर में लगे राहुल गांधी के पोस्टर हटाने का आरोप लगाया।

### कोटा से दिल्ली तक जाएगा आंदोलन

- 17 जून: कोटा (शुरुआत)
- 10 जुलाई: इलाहाबाद
- 11 जुलाई: पटना
- 14 जुलाई: दिल्ली

### कांग्रेस की मांगें

- केंद्रीय शिक्षा मंत्री का इस्तीफा लिया जाए।
- नीट परीक्षा का डिसेंट्रलाइजेशन किया जाए।
- प्रतियोगी परीक्षाओं की फीस पूरी तरह खत्म की जाए।
- पेपर लीक रैकेट में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई हो।

### छात्रों को रोकने की कोशिश कर रही है भाजपा: अशोक गहलोत

राहुल गांधी के इस दौरे से पहले ही राजस्थान की सियासत पूरी तरह गरमा गई है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाया है कि वह छात्रों को राहुल गांधी के कार्यक्रम में जाने से रोकने की कोशिश कर रही है। गहलोत के मुताबिक, कोटा के सांसद और लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के कार्यालय से जुड़े लोग कोचिंग सेंटरों, पेइंग गेस्ट और गेस्ट हाउस संचालकों पर दबाव बना रहे हैं।

### कांग्रेस शासन में पेपर लीक हुए तब कहां थे राहुल गांधी : राठौड़

भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ ने कोटा में मीडिया से बातचीत में कहा- कांग्रेस के राजकुमार राजनीतिक पर्यटन के लिए कोटा आ रहे हैं। पेपर लीक का कनेक्शन महाराष्ट्र से है। कोटा में कार्यक्रम करने की क्या जरूरत? राठौड़ ने कहा कांग्रेस के शासनकाल में 19 पेपर लीक हुए थे। तब राहुल गांधी ने राजस्थान के युवाओं के बारे में क्यों नहीं सोचा? कांग्रेस पार्टी अपने खोए हुए जनाधार को ढूंढने की कोशिश कर रही है।

# डिप्टी सीएम ने जनसुनवाई में सुनीं जन समस्याएं, त्वरित समाधान के निर्देश



**FAIR REPORT**
**जयपुर**

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को सिविल लाइंस स्थित आवास पर जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और उन्होंने अपनी विभिन्न समस्याओं से उपमुख्यमंत्री को अवगत कराया।

जनसुनवाई में पहुंचे लोगों ने पानी, बिजली, सड़क, अतिक्रमण सहित कई अन्य जनहित से जुड़े मुद्दे उपमुख्यमंत्री के समक्ष रखे। इस दौरान दिया कुमारी ने सभी लोगों से आत्मीयता के साथ संवाद किया और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। उपमुख्यमंत्री ने मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित व प्रभावी समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से आमजन की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

### 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में किया पौधारोपण

उपमुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के नांगल मंडल में आयोजित 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ श्रमदान कर स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता का संदेश भी दिया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनभागीदारी आधारित ऐसे अभियान पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और सतत विकास की भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधारोपण करने और स्वच्छता को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया।

# अवैध गैस रिफिलिंग पर पुलिस का बड़ा अभियान, 75 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

खोह नागोरियान क्षेत्र में हाल ही में हुई पटाखा फैक्ट्री अग्निकांड की घटना के बाद पुलिस ने अवैध गतिविधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की। खोह नागोरियान थाना पुलिस द्वारा क्षेत्र में अवैध कारोबारों के खिलाफ सर्च अभियान चलाया गया, जिसके दौरान अवैध गैस रिफिलिंग के छह ठिकानों पर कार्रवाई कर 75 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए।

पुलिस ने बताया कि पटाखा फैक्ट्री में हुई आगजनी की घटना से संबंधित दर्ज प्रकरण संख्या 300/2026 तथा अवैध रूप से संचालित फैक्ट्रियों से जुड़े अन्य चार मामलों में वांछित आरोपियों कयूम खान, याकूब खान, फिरोज सहित अन्य की तलाश के लिए कई टीमों का गठन किया गया है। संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। अभियान के तहत खोह नागोरियान गांव एवं आसपास की कॉलोनियों भावगढ़ बंध्या, खोरी रोपाड़ा, पाटियों की ढाणी, जेएनयू अस्पताल के आसपास स्थित क्षेत्रों में करीब 30 पुलिसकर्मियों की टीम ने डोर-टू-डोर सर्वे किया। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर संचालित गोदामों और लगभग 100 मकानों की तलाशी ली गई। सर्वे के दौरान प्लास्टिक कबाड़, कतरन, ब्रेड-टोस्ट, फर्नीचर सहित अन्य सामानों के सात अवैध गोदाम चिन्हित किए गए, जिन्हें सील कर दिया गया। गोदाम संचालकों को नोटिस जारी कर आगे की कार्रवाई के लिए नगर निगम और जेडीए को पत्राचार किया जाएगा।

### पुलिस ने लोगों को जागरूक भी किया

पुलिस ने क्षेत्र में मोहल्ला समितियों की बैठकें आयोजित कर लोगों को जागरूक भी किया। बैठकों में नागरिकों से अपील की गई कि वे अपने मोहल्लों और कॉलोनियों में संचालित किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके। खोह नागोरियान थाना पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अवैध कारोबार और असुरक्षित गतिविधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

# आठ लाख लेकर डमी अभ्यर्थी बनने वाला इनामी सूचना सहायक गिरफ्तार

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

राजस्थान पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने शारीरिक शिक्षा अध्यापक (पीटीआई) भर्ती परीक्षा-2022 में हुए नकल और फर्जीवाड़े के मामले में कार्रवाई करते हुए 25 हजार के इनामी वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी पवन कुमार (29) निवासी धोरीमन्ना जिला बालोतरा है, जो वर्तमान में बाड़मेर के मुद्रा पंजीयन विभाग के उप महानिरीक्षक कार्यालय में सूचना सहायक के पद पर कार्यरत है।

एडीजी एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि पीटीआई भर्ती परीक्षा-2022 में नकल प्रकरण को लेकर वर्ष 2024 में एसओजी थाने में मामला दर्ज किया गया था।



जांच के दौरान सामने आया कि 25 सितंबर को दो पारियों में आयोजित भर्ती परीक्षा में आरोपी पवन कुमार ने दलाल भभूताराम के माध्यम से 8 लाख की राशि लेकर मूल अभ्यर्थी मुकेश सारण की जगह डमी कैंडिडेट के रूप में परीक्षा दी थी। एसओजी की जांच में यह भी सामने आया कि डमी अभ्यर्थी के रूप में परीक्षा देने के कारण मूल अभ्यर्थी मुकेश सारण का चयन हो गया और उसने पीटीआई पद पर सरकारी नौकरी भी हासिल कर ली। मामले का खुलासा होने के बाद एसओजी ने जांच तेज की और आरोपी पवन कुमार फरार हो गया। उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था। एसओजी टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और खुफिया सूचना के आधार पर आरोपी को दस्तयाब कर गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से 26 जून 2026 तक पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। एसओजी उससे भर्ती परीक्षा में शामिल अन्य लोगों, दलालों और संभावित नेटवर्क के बारे में पूछताछ कर रही है।जांच एजेंसी को उम्मीद है कि आरोपी से पूछताछ में भर्ती परीक्षा से जुड़े अन्य फर्जीवाड़ों और आरोपियों के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है।

## ब्रीफ खबरें

### जनप्रतिनिधियों के सुझाव राज्य वित्त आयोग के लिए महत्वपूर्ण : चतुर्वेदी

**जयपुर।** राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी की अध्यक्षता में मंगलवार को पंचायती राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों ने अनेक सुझाव प्रस्तुत किए। संवाद के दौरान पंचायती राज संस्थाओं की वित्तीय आवश्यकताओं तथा जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों



द्वारा दिए गए सुझाव अनुभवों पर आधारित हैं और आयोग के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। प्राप्त सभी सुझावों का गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर उन्हें आयोग की अनुशंसाओं में शामिल करने पर विचार किया जाएगा।

### गहलोत पाक की पैरवी कर रहे : राठौड़



**जयपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा जुबानी हमला बोला। मंगलवार को भीलवाड़ा जिला कार्यालय में आयोजित 'विकसित भारत संकल्प सम्मेलन' को संबोधित करते हुए राठौड़ ने कहा कि तीन बार सीएम रहे अशोक गहलोत पाकिस्तान की पैरवी कर रहे हैं और भारतीय विदेश मंत्री से माफी मांगने की बात कह रहे हैं।प्रदेशाध्यक्ष ने राहुल गांधी पर अंतरराष्ट्रीय संकट के समय भी राजनीति करने और देश में भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जो नेता विदेश जाकर अपने देश के मुखिया की बुराई करे, उसमें राष्ट्रभक्ति की कमी है। कार्यक्रम में सांसद दामोदर अग्रवाल, विभिन्न विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व महापौर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### महाराणा प्रताप जयन्ती पर राज्यपाल, सीएम व देवनानी ने दी शुभकामनाएं

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने महान राष्ट्रनायक और वीरता के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती (17 जून) पर समस्त प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने उन्हें स्मरण करते हुए कहा कि हल्दीघाटी का युद्ध निर्णायक था। इसमें महाराणा प्रताप ने अदम्य साहस दिखाते हुए मुग़लों को मेवाड़ से खदेड़ा था। मुख्यमंत्री ने कहा कि वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप महान योद्धा, परम स्वाभिमानी और स्वतंत्रता प्रेमी थे। विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि महाराणा प्रताप ने मातृभूमि की रक्षा के लिए जीवन भर संघर्ष किया।

**शहरी सेवा शिविर 2026 :** नागरिकों की सुविधा के लिए प्रत्येक शिविर में हेल्प डेस्क भी स्थापित की गई

# आमजन को मिली तत्काल राहत, मकान पट्टा मिला तो जताई खुशी

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

राज्य सरकार के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा 15 जून से 15 जुलाई तक "शहरी सेवा शिविर 2026" का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को मानसरोवर जोन कार्यालय में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में किसी को मकान का पट्टा मिला तो कोई लोन लेकर अपने व्यवसाय को शुरू करने के लिए उत्साहित नजर आया।

नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा ने बताया कि 'शहरी सेवा शिविर-2026' का मुख्य उद्देश्य आमजन की विभिन्न समस्याओं का मौके पर ही समाधान करना और नागरिकों को एक ही स्थान पर अधिकतम सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि शिविरों में बिजली, पानी, बैठने की व्यवस्था और छाया सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, ताकि यहां आने वाले लोगों को असुविधा न हो। शिविर में प्राप्त आवेदन, लंबित प्रकरणों, प्रार्थना पत्रों व सुझावों का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है। नागरिकों की सुविधा के लिए प्रत्येक शिविर में हेल्प डेस्क भी स्थापित की गई है।



### सरकार व अधिकारियों को धन्यवाद दिया

मानसरोवर जोन के शिविर में कृष्णा गुर्जर ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत ऋण के लिए आवेदन किया, जिसके बाद आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण होने पर उन्हें 15 हजार का ऋण स्वीकृत किया गया। उन्होंने बताया कि इस योजना से छोटे स्ट्रीट वेंडर्स को स्वरोजगार स्थापित करने में सहायता मिल रही है और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है। इसी तरह प्रेम देवी शर्मा ने अपने मकान के पट्टे के लिए आवेदन किया। आवश्यक दस्तावेज जमा करने के पश्चात नगर निगम प्रशासन द्वारा उनका पट्टा शीघ्र तैयार कर प्रदान किया गया। उन्होंने कम समय में कार्य पूर्ण होने और सहयोगपूर्ण प्रक्रिया के लिए सरकार और अधिकारियों का धन्यवाद व्यक्त किया।

### विद्याधर नगर में शिविर आज

मानसरोवर में लगाए गए शिविर में जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन के 143 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका तत्काल निस्तारण करते हुए प्रमाण पत्र जारी किए गए। इसके साथ ही स्वनिधि योजना के 5 आवेदनों को बैंकों द्वारा स्वीकृति, भवन निर्माण से संबंधित 15 प्रकरणों का निस्तारण और स्ट्रीट लाइट मरम्मत के 10 प्रकरणों का समाधान किया गया। गुरुवार को विद्याधर नगर जोन कार्यालय, अम्बाबाड़ी सर्किल में शिविर आयोजित किया जाएगा।

# हल्दीघाटी विजय के 450 वर्ष पूर्ण: उदयपुर में आज जुटेगा मेवाड़ गौरव का महासंगम, चित्तौड़गढ़ से 4000 से अधिक लोग पहुंचेंगे

### गांधी ग्राउंड में होगा हल्दीघाटी विजय सार्द्ध चतुःशती समारोह; सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत करेंगे संबोधन

FAIR REPORT

**चित्तौड़गढ़।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की हल्दीघाटी विजय के 450 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बुधवार को उदयपुर के महाराणा भूपाल स्टेडियम (गांधी ग्राउंड) में हल्दीघाटी विजय सार्द्ध चतुःशती समारोह आयोजित होगा। आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहेंगे। समारोह में शामिल होने के लिए चित्तौड़गढ़ विभाग से सुबह से ही राष्ट्रभक्तों और कार्यकर्ताओं का उदयपुर पहुंचना शुरू हो गया। चित्तौड़गढ़ जिला, प्रतापगढ़ और निम्बाहेड़ा क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग बसों और छोटे वाहनों के जरिए रवाना हुए। कार्यक्रम को लेकर पिछले कई दिनों से चल रही तैयारियों को विभाग संघचालक हेमंत जैन और विभाग कार्यवाह भूरालाल के निर्देशन में अंतिम रूप दिया गया। विभाग संयोजक



विश्वनाथ 'पप्सा' टांक ने बताया कि समाज के विभिन्न वर्गों, संतों, प्रबुद्धजनों और नागरिकों से संपर्क कर कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया गया था।चित्तौड़गढ़ विभाग से करीब 4000 लोग इस ऐतिहासिक आयोजन के साक्षी बनने उदयपुर पहुंच रहे हैं। इनमें चित्तौड़गढ़ जिले से 13 बसों और करीब 150 छोटे वाहनों से लगभग 1200 लोग रवाना हुए। वहीं प्रतापगढ़ से 30 बसों और 60 छोटे वाहनों के माध्यम से करीब 1600 लोग तथा निम्बाहेड़ा क्षेत्र से 16 बसों और 90 छोटे वाहनों से करीब 1200 लोग समारोह में शामिल होंगे। आयोजन में विभाग के प्रमुख संत, समाजसेवी, प्रबुद्ध नागरिक और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी भी शामिल होंगे। गांधी ग्राउंड में मेवाड़ के गौरव और महाराणा प्रताप के शौर्य को समर्पित यह महासंगम होगा। बुधवार सुबह 9:30 बजे शुरू होने वाले समारोह में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का संबोधन होगा। उनके संबोधन में राष्ट्रभावना, स्वाभिमान और मेवाड़ के गौरवशाली इतिहास से जुड़े विषयों पर विचार रखे जाएंगे। समारोह में पहुंचने वाले वाहनों की व्यवस्था, सुरक्षा और मार्ग समन्वय के लिए कार्यकर्ताओं की अलग-अलग टोलियां तैनात की गई हैं, ताकि आयोजन सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

## ब्रीफ खबरें

### व्यस्त जीवनशैली में योग तनावमुक्त एवं स्वस्थ जीवन का सर्वोत्तम माध्यम



**झालावाड़।** माधव विवि में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एनईपी सारथी के स्वयंसेवकों द्वारा योग विषयक प्रेरणादायी व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों-शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में होम्योपैथी विभाग व टीवीटीसीसी की निदेशक तथा टीपीसी की मुख्य समन्वयक डॉ. भारती देसाई सहित टीपीसी टीम का सहयोग रहा। एनएसएस इकाई द्वितीय की प्रभारी डॉ. रेणुका ने मंच संचालन करते हुए अतिथियों, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों का स्वागत किया। एनएसएस निदेशक डॉ. देवेंद्र मुझाल्दा ने कहा कि वर्तमान समय की व्यस्त जीवनशैली में योग तनावमुक्त एवं स्वस्थ जीवन का सर्वोत्तम माध्यम है। योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मन को भी एकाग्र, सकारात्मक एवं संतुलित बनाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को योग को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। इकाई प्रथम की प्रभारी डॉ. संगीता सिंह ने संबोधन में कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम में सह-प्रभारी डॉ. अमित कुमार, डॉ. दुष्यंत कुमार, शिक्षा संकाय के डॉ. सुजान, डॉ. शेफाली पटेल, डॉ. अंकिता हुक्कू, डॉ. संजय परिहार, गोविंद कुमार सहित अनेक प्राध्यापक उपस्थित रहे।

### पूर्व पार्षद के पिता पर दुर्व्यवहार का आरोप, नगर निगम में कार्य बहिष्कार

**भीलवाड़ा।** नगर निगम में मंगलवार सुबह उस समय माहौल गर्मा गया जब एक निवर्तमान पार्षद के पिता पर कार्यालय अधीक्षक सहित अन्य कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार और कोर्ट में घसीटने की धमकी देने के आरोप लगे। इस घटना से आक्रोशित निगम कर्मचारियों ने तुरंत प्रभाव से 'शहरी सेवा शिविर' का पूर्ण बहिष्कार कर दिया, जिससे कैंप का कामकाज ठप हो गया। कर्मचारी फेडरेशन के हर नारायण माली के अनुसार, निवर्तमान पार्षद सुनील खटीक के पिता सत्यनारायण खटीक सुबह कार्यालय पहुंचे और वार्डों से कचरा उठाने की बात को लेकर कार्यालय अधीक्षक शिव



कुमार गारू से बदतमीजी शुरू कर दी। बीच-बचाव करने आए फेडरेशन के जिलाध्यक्ष विजय लोढ़ा व अन्य कर्मचारियों के साथ भी अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। घटना के बाद कर्मचारियों ने कमिश्नर हेमाराम चौधरी के समक्ष नाराजगी व्यक्त करते हुए ज्ञापन सौंपा। कमिश्नर के निर्देश पर सिटी कोतवाल हनुमान सिंह को लिखित रिपोर्ट दी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चौखला घाणीवाल तेली समाज का शपथ ग्रहण सम्मान समारोह सम्पन्न




**भीलवाड़ा।** मेवाड़ के तीर्थ स्थल मातृकुण्डिया मे चार चौखला घाणीवाल तेली समाज विकास समिति के तत्वावधान में बद्रीविशाल भगवान मंदिर परिसर में शपथ ग्रहण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई, साथ ही शैक्षणिक व सामाजिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं और भामाशाहों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि महासभा प्रदेशाध्यक्ष देवीलाल साहू ने समाज बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक शक्ति उसकी एकता, संगठन और शिक्षा में निहित है। उन्होंने प्रत्येक परिवार से बच्चों की शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया। समारोह में अध्यक्ष भंवरलाल मेहराणिया, कार्यकारी अध्यक्ष ईश्वरलाल मोदी, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सत्यनारायण तेली, उपाध्यक्ष द्वय राजू तेली व बालूलाल रेगा सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के लगभग 200 पदाधिकारियों ने समाज हित में शपथ ग्रहण की। मीडिया प्रभारी प्रहलाद दिया ने बताया कि समारोह में बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान समाजसेवी टी.सी. चौधरी व लादूलाल तेली ने समाज विकास और धार्मिक गतिविधियों में सहयोग देने वाले भामाशाहों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

### उमंग-7 अभियान: गैरेज से बाल श्रमिक मुक्त, नियोक्ता पर केस दर्ज

